राज्यपाल सचिवालय
राजभवन जयपुर

राज्यपाल ने राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता रखते हुए ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करने का आह्वान किया

राज्यपाल से भारतीय पुलिस सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने मुलाकात की

जयपुर, 7 नवम्बर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे से गुरुवार को राजभवन में भारतीय पुलिस सेवा के 76 आर. आर.(2023 बैच) के प्रशिक्षु अधिकारियों ने मुलाकात की।

राज्यपाल श्री बागडे ने अधिकारियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्ध होकर समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों से ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करने का आह्वान किया।

उन्होंने पुलिस सेवा में कानून व्यवस्था की सभी स्तरों पर पालना करवाने के साथ अपराध नियंत्रण के लिए सदा सजग रहते हुए कार्य करने पर भी जोर दिया।